**K.P. C. PUBLIC SCHOOL, KHARGHAR**
**ASSESSMENT IV – 2023-24**

**Grade – VIII** **Marks - 100**
**Subject - Hindi** **Time – 3 Hours**

---

निर्देश :

(i)इस प्रश्न-पत्र के चार खंड हैं – खंड 'क', खंड 'ख' , खंड 'ग', खंड 'घ'|

(ii)चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है |

(iii)यथा संभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमशः दीजिए |

**खंड 'क'**

**प्र.1.(अ) निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए : (7 अंक)**

महाभारत महर्षि पराशर के पुत्र व्यासमुनि द्वारा रचित संसार की प्रसिद्ध कथा है | हस्तिनापुर के राजा शांतनु के चित्रांगद और विचित्रवीर्य नाम के दो पुत्र थे | चित्रांगद शांतनु के बाद गद्दी पर बैठे किंतु उनकी असमय मृत्यु हो जाने के कारण विचित्रवीर्य राजा हुए | विचित्रवीर्य के दो पुत्र हुए - धृतराष्ट्र और पांडु | धृतराष्ट्र जन्मांध थे | अतः गद्दी के अधिकारी पांडू हुए किंतु किसी अपराध के कारण पांडु को गद्दी छोड़नी पड़ी और धृतराष्ट्र शासक बने | पांडु के दो रानियाँ थी - कुंती व माद्री | कुंती से युधिष्ठिर, भीम, अर्जुन पैदा हुए और माद्री ने नकुल व सहदेव को जन्म दिया |

पितामह भीष्म ने इन बालकों को उचित शिक्षा दिलाई | धृतराष्ट्र के सौ पुत्र हुए जिनमें दुर्योधन सबसे बड़ा था | वह पांडवों से ईर्ष्या करता था | भीष्म ने दोनों को समझाकर कुरु राज्य का विभाजन करा दिया | हस्तिनापुर कौरवों को मिला और पांडवों को इंद्रप्रस्थ (वर्तमान दिल्ली) का राज्य मिला | कुछ दिन दोनों के शांति से बीते | पांडवों से इर्ष्या रखने वाले दुर्योधन ने अपने मामा शकुनि व अपने मित्र कर्ण से सलाह करके पांडवों को चौसर खेलने के लिए हस्तिनापुर बुलाया | इस खेल में पांडव हार गए | इसी कारण उन्हें तेरह वर्ष का वनवास मिला जिसमें एक शर्त यह भी थी की अंतिम वर्ष अज्ञातवास में रहना होगा | इसके बाद उनका राज्य लौटा दिया जाएगा | द्रोपदी के साथ पाँचो पांडव जब बारह वर्ष के वनवास और एक वर्ष के अज्ञातवास के बाद वापस आए तो दुर्योधन राज्य लौटाने को तैयार नहीं हुआ | अतः पांडवों और कौरवों के मध्य कुरुक्षेत्र के मैदान में युद्ध हुआ जिसमें सारे कौरव मारे गए | पांडव समस्त कुरु राज्य के शासक बन गए | पांडवों ने छत्तीस वर्ष तक राज्य किया | उसके बाद वह अपने पोते परीक्षित को राज्य सौंपकर हिमालय पर तपस्या करने चले गए |

1. महाभारत की कथा के रचनाकार कौन है ? 1

(क) वाल्मीकि (ख) व्यासमुनि
(ग) तुलसीदास (घ) सूरदास

2. पांडू किसके पुत्र थे ? 1

(क) विचित्रवीर्य (ख) धृतराष्ट्र
(ग) शांतनु (घ) चित्रांगद

3. धृतराष्ट्र के कितने पुत्र थे ? 1

(क) सौ (ख) दस
(ग) दो (घ) चार

4. महाभारत युद्ध के पश्चात पांडवों ने कितने वर्ष राज्य किया ? 1

(क) बीस (ख) चालीस

(ग) छत्तीस (घ) पंद्रह

5. परीक्षित कौन था ? 1

(क) पांडवों का बड़ा भाई (ख) पांडवों का पोता

(ग) कौरवों का पोता (घ) इनमें से कोई नहीं

6. पांडवों के राज्य इंद्रप्रस्थ का वर्तमान में क्या नाम है ? 1

(क) दिल्ली (ख) कुरुक्षेत्र

(ग) हस्तिनापुर (घ) पांडु नगर

7. पांडवों के बाद राज्य का उत्तराधिकारी कौन बना ? 1

(क) कौरव (ख) कर्ण

(ग) मामा शकुनि (घ) परीक्षित

**(आ) निम्नलिखित काव्यांश पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए : (7 अंक)**

साथी हाथ बढ़ाना
एक अकेला थक जाएगा, मिलकर बोझ उठाना |
साथी हाथ बढ़ाना |
हम मेहनतवालों ने जब भी, मिलकर कदम बढ़ाया
सागर ने रास्ता छोड़ा, परबत ने सीस झुकाया
फ़ौलादी है सीने अपने, फ़ौलादी है बाँहें
हम चाहें तो चट्टानों में पैदा कर दे राहे
साथी हाथ बढ़ाना |
मेहनत अपने लेख की रेखा, मेहनत से क्या डरना
कल गैरों की खातिर की, आज अपनी खातिर करना
अपना दुख भी एक है साथी, अपना सुख भी एक
अपनी मंजिल सच की मंजिल, अपना रास्ता नेक
साथी हाथ बढ़ाना |
एक से एक मिले तो कतरा, बन जाता है दरिया
एक से एक मिले तो ज़र्रा, बन जाता है सेहरा
एक से एक मिले तो राई, बन सकती है परबत
एक से एक मिले तो इँसाँ, बस में कर ले किस्मत
साथी हाथ बढ़ाना |

1. 'साथी हाथ बढ़ाना' शब्द किस ओर संकेत करते हैं? 1

(क) हाथ थामने का (ख) हाथ आगे करने का

(ग) सहायता करना (घ) मिलकर कार्य करना

2. मिलकर मेहनत करने से क्या संभव है ? 1

(क) बड़ी से बड़ी मुश्किल हल हो जाती है ।

(ख) सागर भी रास्ता दे देते हैं |

(ग) पर्वत झुक जाते हैं अर्थात बधाएँ स्वत: हल हो जाती है |

(घ) उपर्युक्त सभी

3. काव्यांश का संदेश स्पष्ट कीजिए ? 1

(क) हमें प्रत्येक कार्य मिल-जुलकर करना चाहिए |

(ख) अपने मार्ग स्वयं बनाओ |

(ग) सबकी सहायता हेतु तैयार रहो |

(घ) दिए गए सभी |

4. हमारा लक्ष्य क्या है ? उसे पाने का मार्ग कैसा है? 1

(क) हमारा लक्ष्य सत्य की प्राप्ति है | हमें मिल-जुलकर उन्नति की राह पर बढ़ाना चाहिए |

(ख) हमारा लक्ष्य अधिक-से-अधिक सुविधाएँ प्राप्त करना है | इस हेतु मिल-जुलकर रहना होगा |

(ग) हमारा लक्ष्य सत्य की प्राप्ति है इस हेतु हर व्यक्ति को अपने स्तर पर प्रयास करना होगा |

(घ) हमारा लक्ष्य अधिक-से-अधिक सुविधाएँ प्राप्त करना है इस हेतु सभी प्रांतों को प्रयासरत रहना होगा |

5."एक से एक मिले तो कतरा, बन जाता है दरिया" से क्या आशय है? 1

(क) एक-एक व्यक्ति मिलकर ही देश का निर्माण करता है।

(ख) एक-एक बूँद मिलकर सागर का रूप ग्रहण करती है ।

(ग) एक-एक व्यक्ति की भावनाएँ मिलकर ही परोपकारी समाज की नींव रखती है।

(घ) एक-एक विचार मिलकर ही किसी बड़े कार्य को अंजाम देते हैं |

6. जीवन में किससे नहीं डरना चाहिए ? 1

(क) विदेशियों से (ख) आतंकवादियों से

(ग) मेहनत से (घ) नई राहों से

7. गीतकार ने किससे हाथ बढ़ाने की बात कही है और क्यों ? 1

(क) सभी देशवासियों को क्योंकि सभी का भाग्य एक दूसरे से जुड़ा है |

(ख) सभी युवाओं को क्योंकि वे ही कार्य करने में सक्षम होते हैं |

(ग) सभी अमीर लोगों को क्योंकि नवीन सुविधाएँ जुटाने के लिए उनके पास धन है |

(घ) सरकार के चुने हुए नेताओं को क्योंकि उनके हाथों में सभी कार्यों की बागडौर है|

**खंड 'ख'**

**प्र.2.(अ) निम्नलिखित पठित गद्यांश पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए : (7 अंक)**

"मैं लगभग तीन दिन तक यह साँसत भोगती रही | मैं पत्तों के नन्हे-नन्हे छेदों से होकर जैसे-तैसे जान बचाकर भागी | मैंने सोचा था कि पत्ते पर पहुँचते ही उड़ जाऊँगी | परंतु, बाहर निकलने पर ज्ञात हुआ कि रात होनेवाली थी और सूर्य जो हमें उड़ाने की शक्ति देते हैं, जा चुके हैं, और वायुमंडल में इतने जल कण उड़ रहे हैं कि मेरे लिए वहाँ स्थान नहीं है तो मैं अपने भाग्य पर भरोसा कर पत्तों पर ही सिकुड़ी पड़ी रही | अभी जब तुम्हें देखा तो जान में जान आई और रक्षा पाने के लिए तुम्हारे हाथ पर कूद पड़ी |"

इस दुख तथा भावपूर्ण कहानी का मुझ पर बड़ा प्रभाव पड़ा | मैंने कहा- "जब तक तुम मेरे पास हो कोई पत्ता

तुम्हें न छू सकेगा |"

"भैया, तुम्हें इसके लिए धन्यवाद है | मैं जब तक सूर्य न निकले तभी तक रक्षा चाहती हूँ | उनका दर्शन करते ही मुझमें उड़ने की शक्ति आ जाएगी | मेरा जीवन विचित्र घटनाओं से परिपूर्ण है | मैं उसकी कहानी तुम्हें सुनाऊँगी तो तुम्हारा हाथ तनिक भी न दुखेगा |"

"अच्छा सुनाओ|"

"बहुत दिन हुए, मेरे पुरखे हद्रजन (हाइड्रोजन) और ओषजन (ऑक्सीजन) नामक दो गैसें सूर्यमंडल में लपटों के रूप में विद्यमान थी |"

"सूर्यमंडल अपने निश्चित मार्ग पर चक्कर काट रहा था | वे दिन थे जब हमारे ब्रह्मांड में उथल-पुथल हो रही थी | अनेक ग्रह और उपग्रह बन रहे थे |"

1. बूँद तीन दिन तक कहाँ फँसी रही? 1

(क) धरती में (ख) पेड़ में

(ग) पेड़ की पत्तों में (घ) नल में

2. पत्तें पर आते ही बूँद निराश क्यों हो गई ? 1

(क) क्योंकि रात का समय था, उसे वाष्प करने वाला, सूर्य वातावरण में नहीं था |

(ख) क्योंकि वह पुरुषों से डरती थी |

(ग) क्योंकि उसे कोई सहारा मिलने की उम्मीद न थी |

(घ) क्योंकि वह अपने मित्रों से बिछड़ गई थी |

3. वह लेखक के हाथ पर क्यों कूदी? 1

(क) सुबह तक सहारा पाना चाहती थी |

(ख) उसे लेखक ने स्वयं अपने हाथ पर लिया |

(ग) लेखक के हाथ पर न कूदती तो धरती पर गिरकर उसमें समा जाती |

(घ) पत्ते पर टिकने का सहारा न था |

4. 'साँसत' शब्द का अर्थ स्पष्ट करे ? 1

(क) साँस न ले पाना (ख) दुख

(ग) दबाव (घ) भूखी –प्यासी

5. दुख तथा भावपूर्ण कहानी का किस पर बड़ा प्रभाव पड़ा ? 1

(क) बूँदपर (ख) हवा पर

(ग) लेखक पर (घ) पत्तों पर

6. किसका जीवन विचित्र घटनाओं से परिपूर्ण है ? 1

(क) सूर्य का (ख) ऑक्सीजन का

(ग) लेखक का (घ) बूँद का

7. बूँद किस पर भरोसा कर पत्तों पर पड़ी रही ? 1

(क) सूर्य पर (ख) लेखक पर

(ग) भाग्य पर (घ) पत्तों प

**(आ) निम्नलिखित पठित गद्यांश पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए : (7 अंक)**

मेरी जिंदगी भी खूब रही भाई, जी भरकर उसे भोगा है | जब तक शरीर में ताकत रही, कोई सुख ऐसा नहीं बचा जिसे न भोगा हो | दूर-दूर तक उड़ाने भरी हैं, आकाश की असीम ऊँचाइयों को अपने पंखों से नाप आया हूँ | तुम्हारा बड़ा दुर्भाग्य है कि तुम जिंदगी भर आकाश में उड़ने का आनंद कभी नहीं उठा पाओगे |"

साँप बोला- "आकाश ! आकाश को लेकर क्या मैं चाटूँगा ! आकाश में आखिर रखा क्या है ? क्या मैं तुम्हारे आकाश में रेंग सकता हूँ | ना भाई, तुम्हारा आकाश तुम्हें मुबारक, मेरे लिए तो यह गुफा भली | इतनी आराम देह और सुरक्षित जगह और कहाँ होगी ?"

साँप मन ही मन बाज की मूर्खता पर हँस रहा था | वह सोचने लगा कि आखिर उड़ने और रेंगने के बीच कौन-सा भारी अंतर है | अंत में तो सबके भाग्य में मरना ही लिखा है- शरीर मिट्टी का है, मिट्टी में ही मिल जाएगा |

1. गद्यांश के शुरुआत में कौन किससे अपने विचार कह रहा है? 1

(क) साँप बाज को (ख) बाज साँप को

(ग) नदी बाज को (घ) गुफा साँप को

2. बाज अपनी जिंदगी से खुश क्यों था? 1

(क) उसने अपने जीवन को जी भर कर भोगा था।

(ख) दूर-दूर तक उड़ानें भरी थी।

(ग) आकाश की असीम ऊँचाइयों को अपने पंखों से नापा था।

(घ) दिए गए सभी|

3. बाज को साँप दुर्भाग्यशाली क्यों लगा ? 1

(क) क्योंकि साँप एक बंद कोठरी में अपने-आप कायम की गई पराधीनता में कैद था।

(ख) क्योंकि साँप डरपोक बन गया था |

(ग) साँप ने जीवन में किसी से संपर्क नहीं रखा था।

(घ) साँप ने गुफा से बाहर की दुनिया को न परखा था|

4. साँप ने जीवन भर कौन-सा आनंद न लिया ? 1

(क) पानी में तैरने का (ख) आकाश में उड़ने का

(ग) जंगलों में घूमने का (घ) किसी के साथ बात करने का

5. साँप गुफा में ही क्यों खुश है? 1

(क) उसमें आगे बढ़ने की ताकत नहीं |

(ख) वह आरामदेह जीवन जीना चाहता है |

(ग) उसे गुफा से बाहर निकलना नहीं आता |

(घ) वह आशावादी है |

6. साँप बाज के किस विचार को मूर्खतापूर्ण मानता है ? 1

(क) रेंगने को (ख) गुफा में न रहने को

(ग) उड़कर आकाश की ऊँचाइयाँ छूने को (घ) इनमें से कोई नहीं

7. साँप के विचारों में किसकी झलक दिखाई देती है ? 1

(क) आध्यात्मिकता (ख) दार्शनिकता

(ग) धार्मिकता (घ) सामाजिकता

**प्र.3.(अ) निम्नलिखित पठित काव्यांश पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए : (7 अंक)**

वह पुलकनि, वह उठि मिलनि, वह आदर की बात।
वह पठवनि गोपाल की, कछू न जानी जात ॥
घर-घर कर ओड़त फिरे, तनक दही के काज |
कहा भयो जो अब भयो, हरि को राज-समाज |
हौं आवत नाहीं हुतौ, वाही पठयो ठेला ||
अब कहिहौं समुझाय कै, बहु धन धरौ सकेलि ।।
वैसोई राज-समाज बने, गज, बाजि घने मन संभ्रम छायो ।
कैधों परयो कहुँ मारग भूलि, कि फैरि कै मैं अब द्वारका आयो।।
भौन बिलोकिबे को मन लोचत, सोचत ही सब गाँव मझायो।
पूँछत पाँडे फिर सब सों, पर झोपरी को कहुँ खोज न पायो ।

1. कृष्ण ने सुदामा का स्वागत कैसे किया? 1

(क) आदरपूर्वक गले लगाकर (ख) बड़े दरबार में बिठाकर
(ग) नौकरों-चाकरों द्वारा (घ) अपने ठाठ-बाट दिखाकर

2. सुदामा के मन में कृष्ण के प्रति खीझ के भाव क्यों थे? 1

(क) क्योंकि कृष्ण ने उन्हें कुछ दिन और रहने को नहीं कहा।
(ख) क्योंकि कृष्ण ने उन्हें खाली हाथ लौटा दिया।
(ग) क्योंकि अब कृष्ण उसकी मेहमानबाजी करके थक गए थे।
(घ) क्योंकि कृष्ण ने उन्हें आदर सहित विदाई नहीं दी।

३. कृष्ण ने सुदामा को कैसे लौटाया ? 1

(क) खाली हाथ (ख) धन-दौलत देकर
(ग) राजपाठ का एक अंश देकर (घ) हाथी-घोड़ों की सेना सहित

4. सुदामा को कृष्ण के बचपन की कौन-सी घटना याद आ गई? 1

(क) जब वे यमुना किनारे रासलीला डालते थे।
(ख) जब सुदामा के साथ खेलते थे।
(ग) जब घर-घर जाकर दही माँगते थे।
(घ) जब जंगल में सुदामा और कृष्णा लकड़िया लेने जाते थे |

5. सुदामा अपने गाँव पहुँचकर अपने गाँव को पहचान क्यों नहीं पाया? 1

(क) वास्तव में वह गलत गाँव में आ गया था।
(ख) उसकी झोपड़ी व पत्नी और बच्चे वहाँ नहीं थे।
(ग) उसका गाँव द्वारिका नगरी की भाँति चमक रहा था।
(घ) उसके गाँव का नाम बदल गया था।

6. सुदामा को क्या भ्रम हो गया? 1

(क) वे वहाँ की साज-सज्जा को देखकर भ्रम में पड़ गए।
(ख) अपने गाँव को बदला देख उन्हें ऐसा लगा कि फिर से द्वारिका पहुँच गए. इसलिए भ्रम में पड़ गए।
(ग) अपने घर को न ढूँढ़ पाने के कारण भ्रम में पड़ गए।
(घ) इनमें से कोई नहीं।

7. सुदामा को क्या नहीं मिल पा रहा था? 1

(क) अपना गाँव (ख) अपनी ही झोपड़ी

(ग) अपने परिवार के सदस्य (घ) दिए गए सभी

**(आ) निम्नलिखित पठित काव्यांश पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए : (7 अंक)**

मैया, कबहिं बढ़ैगी चोटी ?
किती बार मोहिं दूध पियत भई, यह अजहूँ है छोटी |
तू जो कहति बल की बेनी ज्यौं, ह्यो है लाँबी-मोटी |
काढ़त-गुहत न्हवावत जैहै, नागिनी सी भुइँ लोटी |
काँचौ दूध पियावत पचि-पचि, देति न माखन-रोटी |
सूरज चिरजीवौ दोउ भैया, हरि-हलधर की जोटी |

1.कृष्ण यशोदा से क्या पूछ रहे हैं ? 1

(क) वे कब खेलने जाएँगे ?

(ख) माँ उन्हें माखन-रोटी कब देगी ?

(ग) उनकी चोटी कब बढ़ेगी ?

(घ) वे बलराम के साथ खेलने जाएँ ?

2. कृष्ण माँ यशोदा से चोटी के बारे में क्या कहते हैं ? 1

(क) तुम कहती हो कि मेरी चोटी बलराम की तरह बड़ी हो जाएगी पर यह तो छोटी ही है |

(ख) तुम कहती हो कि यह लंबी और मोटी होकर नागिन की तरह जमीन पर लोटेगी पर यह तो बढ़ती नहीं|

(ग) इसे बढ़ाने के लिए तुम कच्चा दूध पिलाती हो लेकिन फिर भी छोटी है |

(घ) दिए गए सभी |

3. कृष्ण को क्या खाना अच्छा लगता है ? 1

(क) दूध – मलाई (ख) माखन – रोटी

(ग) दही – छाछ (घ) कच्चा दूध

4. कृष्ण की बातें सुनकर माँ यशोदा क्या करती हैं ? 1

(क) उन्हें रोटी-माखन दे देती है |

(ख) उन्हें कच्चा दूध और पिला देती है |

(ग) उन्हें सांत्वना देती है |

(घ) उन्हें गले लगाकर आशीष देती है कि कृष्ण और बलराम की जोड़ी बनी रहे |

5. 'गुहत' शब्द का अर्थ है – 1

(क) चोटी (ख) जोड़ी

(ग) गूँथना (घ) भूमि

6. इस काव्य में कौन किससे प्रशन कर रहा है ? 1

(क) कृष्ण माँ यशोदा से (ख) कृष्ण सूरदास से

(ग) यशोदा कृष्ण से (घ) कृष्ण हलधर से

7. 'सूरदास के पद' के रचनाकार हैं – 1

(क) कालिदास (ख) सूरदास

(ग) मीराबाई (घ) तुलसीदास

**प्र.4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : (कोई - 6)** **(18 अंक)**

1. पहले पद में श्रीकृष्ण माँ यशोदा से क्या शिकायत करते हैं ?
2. "पानी की कहानी" के आधार पर पानी के जन्म और जीवन-यात्रा का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए ?
3. घायल होने के बाद भी बाज ने यह क्यों कहा, "मुझे कोई शिकायत नहीं है |" विचार प्रकट कीजिए ?
4. साँप किसका प्रतीक है ?
5. बिलवासी ने अंग्रेज से सौदा कैसे पटाया ?
6. अपने गाँव लौटने पर सुदामा के भ्रमित होने का कारण क्या था ?
7. 'साइकिल ने महिलाओं को आत्मनिर्भर –कैसे बनाया ?

## खंड 'ग'

**प्र.5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए -**

**निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर लिखिए:** **(20 अंक)**

1.**संधि-विच्छेद के सही संधि रुप को पहचानिए :** **1**

देव+ ऋषि

(क) देवर्षि (ख) दवोर्षि (ग) देवऋषि (घ) देवरिषि

2.**निम्नलिखित प्रश्न में से सही विलोम शब्द पहचानिए :** **1**

प्रत्यक्ष

(क) अनौपचारिक (ख) धूमिल (ग) अप्रत्यक्ष (घ) अभक्ष्

3.**अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए :** **1**

काम से जी चुराने वाला - __________

**4.पदभेद के सही रूप को पहचानिए :** **1**

मेरे विद्यालय के सामने डाकखाना है |

(क) क्रियाविशेषण अव्यय (ख) संबंधबोधक अव्यय (ग) समुच्चयबोधक अव्यय

**5.दिए गए शब्द के लिए प्रयुक्त प्रत्ययों का सही विकल्प चुनकर लिखिए :** **1**

देवत्व

(क) व (ख) अत्व (ग) तव (घ) त्व

**6.सही पदबंध के विकल्प का चयन कीजिए :** **1**

अत्यधिक परिश्रम करने वाले तुम अवश्य प्रथम आओगे |

(क) संज्ञा पदबंध (ख) सर्वनाम पदबंध

(ग) विशेषण पदबंध (घ) क्रिया पदबंध

7.**अर्थ के आधार पर वाक्य का सही विकल्प पहचानिए** : 2

(i) शायद आज आँधी आए|

(क) विधानवाचक वाक्य (ख) संदेहवाचक वाक्य

(ग) निषेधवाचक वाक्य (घ) संकेतवाचक वाक्य

(ii) जल्दी अपने घर चले जाओ |

(क) विधानवाचक वाक्य (ख) संदेहवाचक वाक्य

(ग) निषेधवाचक वाक्य (घ) आज्ञावाचक वाक्य

**8.रचना के आधार पर वाक्य का सही प्रकार पहचानिए : 2**

(i) अब्दुल कलाम ने कहा कि पढ़ाई सभी के लिए अनिवार्य है |

(क) सरल वाक्य (ख) संयुक्त वाक्य

(ग) मिश्र वाक्य

(ii) मनोज पढ़ाई करता है |

(क) सरल वाक्य (ख) संयुक्त वाक्य

(ग) मिश्र वाक्य

**9. निम्नलिखित शब्दों में से शुद्ध शब्दों का सही विकल्प चुनकर लिखिए : 2**

(i) (क) स्वास्थ (ख) स्वास्थ्य (ग) सवासथ्य (घ) स्वासथ्य

(ii)(क) स्मरन (ख) सिमरन (ग) स्मरण (घ) समरण

10.निम्नलिखित वाक्य में कोष्ठक में दिए गए शब्दों में से सही शब्द भरिए –. 1

मैंने एक _______ की सहायता की | (दिन/दीन)

**11.निम्न वाक्य में से शुद्ध वाक्य का सही विकल्प चुनकर लिखिए : 1**

(क) माताजी घर का काम कर लिया |

(ख) माताजी ने कर लिया घर का काम |

(ग) माताजी ने घर का काम कर लिया |

(घ) घर का काम कर लिया माताजी ने |

**12.निम्नलिखित वाक्य में उचित विरामचिहन डालकर लिखिए : 1**

राजेश सुरेश और संदीप भाई है

13.सही विकल्प चुनकर लिखिए : 1

योजक चिहन का प्रयोग होता है –

(क) दो वाक्य को मिलाने पर

(ख) दो शब्दों को मिलाने पर

(ग) दो वर्णों को मिलाने पर

(घ) दो स्वरों को मिलाने पर

**14. निम्नलिखित मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग करो : 1**

प्राणों की बाजी लगाना

15. नीचे लिखी लोकोक्ति का सही अर्थवाला विकल्प चुनकर लिखिए : 1

जब डाकुओं की खोज में पुलिस गाँव की तलाशी लेने आई तो सरपंच ने अनुमति देकर कहा ________

(क) जाको राखे साइयाँ मार सके न कोय

(ख) समरथ को नहीं दोष गोसाईं

(ग) चोर की दाढ़ी में तिनका

(घ) दुविधा में दोनों गए न माया मिली न राम

**16. काव्य पंक्तियों में प्रयुक्त अलंकार का सही विकल्प चुनकर लिखिए : 2**

(i) चारु चंद्र की चंचल किरणें |

(क) यमक (ख) अनुप्रास (ग) श्लेष (घ) रूपक

(ii) मधुवन की छाती को देखो सूखी इसकी कितनी कलियाँ |

(क) उपमा (ख) रूपक (ग) श्लेष (घ) मानवीकरण

**खंड 'घ'**

**लेखन – विभाग :** **(20 अंक)**

प्र.6. अनुच्छेद-लेखन: (कोई-1) 5

1.वाणी का महत्त्व: मधुर भाषण

(मधुर वाणी और मित्रता, थोड़ी सी कड़वाहट द्वेष का कारण, कटु वाणी का प्रभाव)

2. संघर्ष ही जीवन है

(संघर्ष और जीवन एक-दूसरे के पूरक, जीवन के संघर्ष का आधार कर्म, संघर्ष से बचनेवाला कायर)

**प्र.7. सूचना-लेखन:** **5**

दिनांक 19 मार्च, 2024 को पूरा दिन जल विभाग की ओर से पानी नहीं आएगा| इसकी सूचना सूचना-पट्ट पर लिखिए |

**प्र.8. प्रतिवेदन :** **5**

पुस्तक मेले का प्रतिवेदन लिखिए |

प्र.9. चित्र-वर्णन : 5

निम्नलिखित चित्र को देखकर चित्र का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए:

